**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**18.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के प्रसिद्ध जाखू मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हनुमान जी की एक सौ 8 फुट ऊंची पताका की प्रतिष्ठा की और ध्वजारोहण किया। बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश को विशेष राहत पैकेज देने की मांग की है।

## एच.पी.टी.डी.सी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। संघ के एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार एच.पी.टी.डी.सी. को सहयोग देने और कर्मचारियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिले के ततापानी में 30 कमरों वाला एक होटल बनाया जाएगा ताकि क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके।

## जयराम ठाकुर

मंडी जिले के आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र में अभी सड़क सम्पर्क अभी भी बहाल नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मुख्य सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ऐसे सभी लोगों से सड़कों को खोलने में मदद की अपील की है जिनके पास पोकलेन और जेसीबी जैसी मशीनों के अलावा टिप्पर भी हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोग इच्छानुसार अपनी मशीनों और टिप्परों को सराज में मदद के लिए भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सेब की फसल तैयार है और उसे मंडियों में भिजवाना जरूरी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सड़कों के न खुलने से गांवों तक बिजली–पानी की सप्लाई में भी लंबा समय लग रहा है।

## पैराग्लाइडिंग

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को पैराग्लाइडिंग खेल गतिविधियों से जुड़े संचालकों की जानकारी उपलब्ध करवाने के आदेश दिए है। न्यायालय ने सरकार को शपथ पत्र दायर कर यह बताने के लिए कहा है कि कितने संचालकों के पास नियमों के अनुसार बीमा पॉलिसी हैं। इसके अलावा सरकार से नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ की गई कारवाई की जानकारी भी न्यायालय को देने के निर्देश दिए है।

## किन्नर कैलाश

किन्नौर जिले में 15 जुलाई से शुरू किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान अब तक 8 सौ 98 श्रद्धालु पवित्र कैलाश के दर्शन कर चुके हैं। हालांकि वर्षा के चलते यह यात्रा आज के लिए स्थगित की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता ---- " 35 "

**कैलाश के पवित्र दर्शन के लिए बीते 15 जुलाई से अब तक लगभग 898 श्रद्धालुओं ने पवित्र कैलाश के दर्शन किए जिनमें से लगभग 670 यात्री ऑफलाइन पंजीकरण के माध्यम से व लगभग 210 यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से यात्रा की वहीं नौकरी निगम के माध्यम से विभिन्न जातियों में शिव दर्शन की फिलहाल आज बारिश के चलते जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह यात्रा आज के लिए स्थगित कर दी गई है**

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है और राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज शिमला, सोलन, मंडी, सिरमौर, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल स्पीति जिले में वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया है। प्रदेश में पिछले दिनों भारी वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं के चलते अभी भी दो सौ 50 सड़कें, बिजली के 81 ट्रांसफार्मर और 61 पेयजल योजनाएं अवरूद्ध हैं। 20 जून से लेकर अब तक इस मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 10 लोगों की मौत हो चुकी है, एक सौ 99 लोग घायल हैं जबकि 35 अन्य अभी भी लापता हैं।

———————————————————————————